मानव संसाधन प्रभाग, प्रधान कार्यालय
HUMAN RESOURCES DIVISION, HEAD OFFICE
प्लॉट सं. 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली – 110075
PLOT NO. 4, SECTOR 10, DWARKA, NEW DELHI – 110075

ऑन-लाइन पंजीकरण की आरंभिक तिथि	**15.01.2024**
ऑन-लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	**04.02.2024**

संविदागत आधार पर वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार (एसडीबीए) एवं रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए) के पद के लिए भारतीय थल सेना एवं भारतीय वायु सेना के सेवानिवृत्त/ सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को पैनल में शामिल करने हेतु

पंजाब नैशनल बैंक भारतीय थल सेना एवं भारतीय वायु सेना के सेवानिवृत्त/सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों से वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार एवं रक्षा बैंकिंग सलाहकार के रूप में पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जो निम्नलिखित पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं तथा सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त हुए हैं/ **विज्ञापन की तारीख से तीन महीने के भीतर (10.04.2024 को या उससे पूर्व) सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं।** पैनल में शामिल सेवारत अधिकारियों को उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् ही उनका कार्यभार दिया जाएगा।

1. रिक्तियां, पात्रता मानदंड एवं कार्य प्रोफाइल

	वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार	**रक्षा बैंकिंग सलाहकार**
पोस्ट कोड	एसडीबीए	डीबीए
भारतीय थल सेना में रैंक या भारतीय वायु सेना में समकक्ष रैंक	भारतीय थल सेना में ब्रिगेडियर	भारतीय थल सेना में चयन ग्रेड कर्नल या भारतीय वायुसेना में इसके समकक्ष
रिक्तियां	01	07
अधिकतम आयु (01/01/2024 तक)	सेवानिवृत्त होने वाले/ सेवानिवृत्त अधिकारी जिनकी आयु 60 वर्ष से कम है।	सेवानिवृत्त होने वाले/ सेवानिवृत्त अधिकारी जिनकी आयु 58 वर्ष से कम है।
भूमिकाएं/ उत्तरदायित्व	संस्थागत स्तर पर सशस्त्र बलों/ अर्धसैनिक/ पुलिस तथा पीएनबी के बीच संबंधों का विस्तार करने तथा उनके कार्मिकों के साथ बैंक के रक्षा कारोबार के प्रसार को भी बढ़ाने के लिए सीडीबीए का सहयोग करना। एसडीबीए, सीडीबीए के सहायक होंगे तथा रक्षा बलों के मुख्यालय के साथ बैठकें आयोजित करने में सहयोग करेंगे। रक्षा बलों से सामंजस्य सुनिश्चित करना तथा कारोबार बढ़ाने के लिए कमियों में सुधार करना। बैंक की रक्षा कारोबार आवश्यकता के अनुसार अन्य कोई भी कार्य।	संस्थागत स्तर पर थल सेना/ नौसेना/ वायु सेना/ अर्धसैनिक बलों और पीएनबी के बीच संबंधों का विस्तार करने के लिए स्थानीय प्रभागों/ रेजिमेंटल केंद्रों/ रेजिमेंटों/ ब्रिगेड मुख्यालयों/ चिकित्सा इकाइयों आदि के साथ-साथ अन्य रक्षा बलों/ अर्धसैनिक बलों की स्थानीय इकाइयों के साथ संपर्क करना तथा अधिकारियों सहित उनके कार्मिकों के साथ हमारे रक्षा कारोबार का प्रसार बढ़ाना। उनके कार्यक्षेत्र वाले दायरे के किसी भी स्थानीय मुद्दों से निपटना। बड़ी छावनियों में सामूहिक खाता खोलने/ ऋण अभियान का आयोजन करने,

	वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार	रक्षा बैंकिंग सलाहकार
		मासिक सैनिक सम्मेलन/ दरबार आदि में सहभागिता करना । यह सुनिश्चित करना कि रेजिमेंटल केंद्रों में भर्ती किए गए सभी नए पीबीओआर (अधिकारी रैंक से नीचे के कार्मिक) के खाते बैंक में खोले जाए तथा पेंशनभोगियों के खाते व टर्मिनल लाभ के खाते भी बैंक में खोले जाए। विभिन्न अकादमियों, प्रशिक्षण संस्थानों और अन्य स्थानों पर जहां वे रिपोर्ट करते हैं, अधिकारी कैडेट के लिए खाता खोलने की व्यवस्था करना। बैंक की रक्षा कारोबार आवश्यकता के अनुसार अन्य कोई भी कार्य।

- उपर्युक्त उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम (अस्थायी) है तथा बैंक की आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती है।
- **जिन आवेदकों ने उपर्युक्त उल्लिखित अंतिम संवर्ग के अलावा उच्च रैंक में सेवा की है, वे इस पद के लिए पात्र नहीं होंगे।** यह स्पष्ट किया जाता है कि एसडीबीए एवं डीबीए के पद हेतु उच्चतम निर्धारित रैंक क्रमशः ब्रिगेडियर तथा चयन ग्रेड कर्नल/ समकक्ष है।
- आयु की गणना पूर्ण वर्षों में 01/01/2024 के अनुसार की जाएगी।
- कोई भी अधिकारी जो जांच प्रक्रिया के अधीन है या उसके पूरे सेवा करियर में किसी विभागीय या न्यायिक जांच में बड़ा दंड लगाया गया है/ दोषी साबित हुआ है, विचार किए जाने हेतु पात्र नहीं है।

2. पोस्टिंग के लिए चिह्नित स्थान

क्र.सं.	पद का नाम	विंग	अंतिम रैंक	पोस्टिंग के लिए चिह्नित स्थान
1	वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	ब्रिगेडियर	हैदराबाद
2	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	कर्नल*	पुणे
3	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	कर्नल*	लखनऊ
4	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	कर्नल*	चंडीगढ़
5	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	कर्नल*	जम्मू
6	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	कर्नल*	भोपाल
7	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	सेना	कर्नल*	बंगलौर
8	रक्षा बैंकिंग सलाहकार	वायु सेना	ग्रुप कैप्टन*	शिलांग

*चयन ग्रेड कर्नल/ समकक्ष

उपर्युक्त उल्लिखित तैनाती स्थल अनंतिम/ अस्थायी हैं और बैंक की आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकते है। एसडीबीए और डीबीए की उपर्युक्त उल्लिखित स्थल पर नियुक्ति की जाएगी, किन्तु बैंक की आवश्यकतानुसार उन्हें भारत में कहीं भी स्थानांतरित किया जा सकता है।

3. नियुक्ति की शर्तें

3.1 संविदा की अवधि

उपर्युक्त किसी भी पदधारक का कार्यकाल प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगा तथा अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति और रक्षा सलाहकार के रूप में प्रदर्शन के अधीन इसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाएगी। कुल 05 वर्ष की नियुक्ति या 65 वर्ष की आयु, जो भी पहले हो, प्राप्त करने पर, नियुक्ति की अवधि स्थायी रूप से समाप्त हो जाएगी।

3.2 प्रतिपूर्ति पैकेज

क. **वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार:** प्रति वर्ष प्रतिपूर्ति पैकेज रु.22.38 लाख होगा, जिसमें ईंधन खर्च, वाहन लागत, पट्टे पर आवास सुविधा एवं टेलीफोन बिल शामिल है।

ख. **रक्षा बैंकिंग सलाहकार:** प्रति वर्ष प्रतिपूर्ति पैकेज रु.18.60 लाख होगा, जिसमें वाहन व्यय, पट्टे पर आवास सुविधा एवं टेलीफोन बिल शामिल है।

ग. नियुक्त कार्यपालक प्रतिपूर्ति पैकेज के हिस्से के अलावा महंगाई भत्ते या किसी अन्य भत्ते का पात्र नहीं होगा।

घ. नियुक्त कार्यपालक, किसी भी प्रकार के कर्मचारी ऋण, चिकित्सा सहायता/ लाभ, सेवानिवृत्ति लाभ, यात्रा रियायतें, छुट्टी नकदीकरण, मनोरंजन, समाचार पत्र, सफाई व्यय, बीमा और किसी भी अन्य कर्मचारी लाभ योजना के लिए पात्र नहीं होंगे।

ङ. आयकर, व्यावसायिक कर, कोई भी अन्य कर/सांविधिक दायित्व का वहन नियुक्त कार्यपालक द्वारा किया जाएगा।

च. आधिकारिक दौरे पर किए गए व्यय की प्रतिपूर्ति: ड्यूटी के दौरान यात्रा (तैनाती स्थल के बाहर के स्थान) पर किए गए व्यय में क्रमशः एसडीबीए के लिए बैंक के उप महाप्रबंधक एवं डीबीए के लिए बैंक के सहायक महाप्रबंधक की पात्रता के अनुसार, जहाँ भी लागू हो यात्रा किराया, आवास तथा दैनिक भत्ता शामिल होगा।

छ. अवकाश के नियम: यदि कार्य प्रोफ़ाइल के लिए नियमित रूप से कार्यालय आने की आवश्यकता होती है, तो नियुक्त कार्यकारी को हर महीने एक दिन की अवकाश प्रदान की जाएगी, अन्यथा, यदि कार्यकारी को घर/ऑफसाइट आधार पर काम पर लगाया जाता है, तो किसी भी प्रकार की कोई अवकाश प्रदान नहीं की जाएगी।

3.3. निबंधन एवं शर्तें

- सलाहकार का कार्यकाल प्रारंभ में एक वर्ष के लिए होगा तथा सलाहकारों के अच्छे स्वास्थ्य की स्थिति और कार्यनिष्पादन के अधीन इसकी वार्षिक आधार पर समीक्षा की जाएगी।
- एसडीबीए/ डीबीए के मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र/ कार्यनिष्पादन की तिमाही आधार पर समीक्षा की जाएगी।
- नियुक्त कार्यपालक जिन्हें सलाहकार का कार्य सौंपा गया है, उन्हें एक गैर-प्रकटीकरण/गोपनीयता समझौते को निष्पादित करना होगा।
- पैनल में शामिल कार्यपालक को एक विधिक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा, जिसमें यह उल्लेख होगा कि बैंक के साथ उनकी ओर से किसी भी प्रकार के हितों का टकराव नहीं होगा।
- सेवारत अधिकारी के मामले में, उन्हें साक्षात्कार के समय अपने वर्तमान संगठन से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा और यदि उनका चयन हो जाता है तो उन्हें वर्तमान संगठन की सेवाओं से त्याग-पत्र देना / कार्यमुक्त होना होगा।
- नियुक्ति पूर्णकालिक प्रकृति की होगी अर्थात एक बार कार्यपालक की नियुक्ति के बाद वह किसी अन्य नियोक्ता द्वारा किसी अन्य प्रकार के रोजगार में शामिल नहीं हो सकता है।
- एक बार चयन हो जाने के पश्चात् कार्यपालक को मेडिकल प्रैक्टिसनर (एमबीबीएस डॉक्टर) से एक फिटनेस रिपोर्ट बैंक को प्रस्तुत करनी होगी।
- इस नियुक्ति को पुन: रोजगार के रूप में नहीं माना जाएगा क्योंकि यह नियुक्ति पूरी तरह से संविदात्मक और अस्थायी प्रकृति (गैर-आधिकारिक) की होगी, जिसमें किसी भी पक्ष को 15 दिनों की पूर्व सूचना देकर अनुबंध को समाप्त करने का अधिकार है।
- असंतोषजनक कार्यनिष्पादन के मामले में, असाइनमेंट की अवधि पूरी होने से पूर्व ही नियुक्ति रद्द कर दी जाएगी।
- असाइनमेंट के लिए इस प्रकार चयनित सलाहकार को सभी कार्य दिवसों में आवंटित कार्य हेतु उपस्थित होना होगा तथा कार्य के घंटों के दौरान कार्यालय में उपस्थित रहना होगा, उस स्थिति के अतिरिक्त जब उसे अनुमोदित यात्राओं पर जाना होता है।

4. चयन प्रक्रिया

- वैध आवेदनों को शॉर्टलिस्ट किया जाएगा और शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। शॉर्टलिस्ट किए गए अभ्यर्थियों के नाम बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in पर प्रदर्शित किए जाएंगे।

- साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्टिंग केवल प्रोफाइल पर आधारित होगी ।
- अंतिम चयन साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर होगा। रक्षा सेवाओं से विज्ञापन की तिथि से तीन महीने के भीतर (अर्थात 10.04.2024 को या पूर्व) सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों को भी शॉर्टलिस्ट किया जा सकता है, किन्तु उन्हें उनकी सेवानिवृत्ति के पश्चात् ही कार्यभार सौंपा जाएगा।

4.1 व्यक्तिगत साक्षात्कार से पूर्व प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची

अभ्यर्थी की पात्रता एवं पहचान के प्रमाण हेतु एक स्व-सत्यापित छायाप्रति सहित मूल प्रति के साथ निम्नलिखित दस्तावेज, साक्षात्कार के समय या जब भी बैंक द्वारा आवश्यक हो, अनिवार्य रूप से प्रस्तुत किये जाएगे, जिसमें विफल रहने पर अभ्यर्थी को साक्षात्कार में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। अभ्यर्थी द्वारा आवश्यक दस्तावेजों को प्रस्तुत नहीं करने पर नियुक्ति प्रक्रिया में आगे की भागीदारी से उनकी उम्मीदवारी पर रोक लगा दी जाएगी।

i. ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का मान्य सिस्टम द्वारा जनरेट किया गया प्रिंटआउट
ii. वैध साक्षात्कार कॉल लेटर का प्रिंटआउट
iii. जन्म तिथि का प्रमाण (सक्षम नगर पालिका प्राधिकरण द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र या जन्म तिथि के साथ एसएसएलसी / कक्षा X का प्रमाण पत्र)
iv. फोटो पहचान प्रमाण और पता प्रमाण ।(आधिकारिक तौर पर मान्य दस्तावेज । अधिमानतः पैन कार्ड और आधार कार्ड।)
v. पासपोर्ट, यदि पास हो।
vi. शैक्षिक योग्यता के समर्थन में संबंधित दस्तावेज: अंतिम डिग्री/डिप्लोमा प्रमाण पत्र सहित शैक्षिक योग्यता के लिए प्रत्येक सेमेस्टर-वार / वर्ष-वार अंक पत्र और प्रमाण पत्र। पंजीकरण की आरंभिक तिथि अर्थात 15.01.2024 को या उससे पूर्व घोषित परिणाम वाले बोर्ड/ विश्वविद्यालय से उचित दस्तावेज जमा करना होगा।
vii. ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित सैन्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का प्रमाण पत्र।
viii. ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र।
ix. अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों के मामले में केवल भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत जाति प्रमाण पत्र। प्रमाणपत्र में उल्लिखित जाति का नाम केंद्र सरकार की सूची/अधिसूचना के साथ अक्षरशः मेल खाना चाहिए और ओबीसी जाति प्रमाणपत्र में निरपवाद रूप से "क्रीमी लेयर" खंड शामिल होना चाहिए।
x. बेंचमार्क दिव्यांगता श्रेणी वाले व्यक्तियों के मामले में जिला मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्धारित प्रारूप में जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
xi. एक भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय पेंशन भुगतान आदेश और अंतिम/वर्तमान में धारित रैंक (मौलिक और साथ ही कार्यकारी) के दस्तावेजी प्रमाण के साथ सेवा या सेवामुक्त बही की एक प्रति प्रस्तुत करनी होगी। जो लोग अभी भी रक्षा सेवा में हैं, उन्हें सक्षम प्राधिकारी से एक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा कि उन्हें 10.04.2024 को या उससे पहले रक्षा सेवाओं से मुक्त कर दिया जाएगा।
xii. सरकारी/अर्ध सरकारी कार्यालयों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थानों सहित) में सेवारत अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करने की आवश्यकता होगी।
xiii. व्यावसायिक करियर के दौरान विशेष योग्यता, कार्य अनुभव (नियुक्ति पत्र, वेतन पर्ची, कार्यमुक्ति पत्र आदि सहित) पुरस्कार और सम्मान के पक्ष में प्रासंगिक दस्तावेज।
xiv. पात्रता के पक्ष में कोई अन्य प्रासंगिक दस्तावेज|

नोट:

- यदि अभ्यर्थी उपर्युक्त प्रासंगिक पात्रता दस्तावेजों को प्रस्तुत करने में विफल हो जाता है तो उसे साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी| बैंक द्वारा मांगे जाने पर प्रासंगिक पात्रता दस्तावेजों को प्रस्तुत न करना, अभ्यर्थी को भर्ती की आगे की प्रक्रिया के लिए अयोग्य बना देगा।
- आरक्षित श्रेणी (एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी) से संबंधित अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाणपत्र के लिए निर्धारित प्रारूप Recruitments/Careers → Joining formalities while joining Bank टैब के अंतर्गत www.pnbindia.in पर उपलब्ध है |

5. आवेदन कैसे करें

अभ्यर्थी 15.01.2024 से 04.02.2024 तक केवल ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं और आवेदन का कोई अन्य माध्यम स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5.1 ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पूर्व-आवश्यकताएँ

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले, नीचे पैरा 5.3 में निहित दिशानिर्देशों को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों को अपने फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक (सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए) या सेवा प्रमाण पत्र (10.04.2024 को या उससे पहले सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के लिए), पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र की एक स्कैन की हुई प्रति तैयार रखनी चाहिए।

5.2 ऑनलाइन आवेदन करने की प्रक्रिया

i. अभ्यर्थियों को वेबसाइट www.pnbindia.in के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है। कोई अन्य माध्यम/आवेदन का तरीका स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ii. अभ्यर्थियों के पास एक वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर होना आवश्यक है। इसे इस भर्ती प्रक्रिया के पूरा होने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। बैंक पंजीकृत ई-मेल आईडी के माध्यम से साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर भेज सकता है। यदि किसी अभ्यर्थी के पास वैध व्यक्तिगत ई-मेल आईडी नहीं है, तो उसे ऑनलाइन आवेदन करने से पहले अपनी नई ई-मेल आईडी बनानी चाहिए। किसी भी परिस्थिति में, उसे/या किसी अन्य व्यक्ति को ई-मेल आईडी साझा/उल्लेख नहीं करना चाहिए।

iii. ऑनलाइन आवेदन पत्र में अपनी बुनियादी जानकारी दर्ज करके अपना आवेदन पंजीकृत करने के लिए, अभ्यर्थियों को हमारी वेबसाइट www.pnbindia.in पर Recruitments/Careers → Engagement of Defence Advisors टैब के अंतर्गत "CLICK HERE FOR NEW REGISTRATION" पर क्लिक करना होगा। इसके बाद सिस्टम द्वारा एक अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड जेनरेट किया जाएगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। अभ्यर्थी को अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड को नोट कर लेना चाहिए। अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड से संबंधित एक ई-मेल और एसएमएस भी भेजा जाएगा। वे अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सेव किए गए विवरण को फिर से देख सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरण को एडिट कर सकते हैं।

iv. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन सावधानी से स्वयं भरें क्योंकि ऑनलाइन आवेदन में भरे गए किसी भी डेटा में कोई परिवर्तन/कार्रवाई संभव नहीं होगी। ऑनलाइन आवेदन जमा करने से पहले अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र में विवरणों को सत्यापित करने के लिए 'SAVE AND NEXT' सुविधा का उपयोग करें और यदि आवश्यक हो तो इसे संशोधित करें। **COMPLETE REGISTRATION** बटन पर क्लिक करने के बाद किसी भी बदलाव की अनुमति नहीं है।

v. फॉर्म भरते समय विशेष वर्णों के प्रयोग की अनुमति नहीं होगी। यदि अभ्यर्थी एक बार में आवेदन पत्र भरने में असमर्थ है, तो वह पहले से दर्ज किए गए डेटा को सेव कर सकता है। वे अनंतिम पंजीकरण संख्या और पासवर्ड का उपयोग करके सेव किए गए डेटा को फिर से देख सकते हैं और यदि आवश्यक हो तो विवरण संपादित कर सकते हैं। एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने के बाद, अभ्यर्थी को डेटा सबमिट किया जाना चाहिए।

vi. केवल अंतिम रूप से जमा करने से पहले ऑनलाइन आवेदन को संशोधित करने का प्रावधान है। अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि ऑनलाइन आवेदन में विवरण, यदि कोई हो, को सही करने के लिए इस सुविधा का उपयोग करें।

vii. अभ्यर्थी और उसके पिता / पति आदि का नाम आवेदन में सही से लिखा जाना चाहिए जैसा कि प्रमाण पत्र / अंक पत्र / फोटो पहचान प्रमाण आदि में लिखा हुआ है। कोई भी परिवर्तन / संशोधन पाए जाने पर उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

viii. आवेदन के सफल पंजीकरण के बाद जेनरेट पंजीकरण संख्या और पासवर्ड के साथ एक ई-मेल / एसएमएस सूचना ऑनलाइन आवेदन पत्र में निर्दिष्ट प्रणाली द्वारा जेनरेट पावती के रूप में अभ्यर्थी के ई-मेल आईडी / मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी। यदि अभ्यर्थियों को उनके द्वारा निर्दिष्ट ई-मेल आईडी / मोबाइल नंबर पर ई-मेल और एसएमएस की सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो वे यह मान सकते हैं कि उनका ऑनलाइन आवेदन सफलतापूर्वक पंजीकृत नहीं हुआ है।

ix. एक ऑनलाइन आवेदन, जो किसी भी तरह से अधूरा है जैसे कि उचित पासपोर्ट आकार का फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र को वैध नहीं माना जाएगा।

x. आवेदक द्वारा अपने आवेदन में प्रस्तुत की गई कोई भी जानकारी अभ्यर्थी के लिए व्यक्तिगत रूप से बाध्यकारी होगी और यदि उसके द्वारा दी गई जानकारी/विवरण गलत पाया जाता है तो वह बाद की प्रक्रिया अभियोजन/नागरिक परिणामों के लिए उत्तरदायी होगा।

कृपया ध्यान दें कि उम्मीदवार का नाम, श्रेणी, जन्म तिथि, आवेदित पद, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी आदि सहित ऑनलाइन आवेदन में उल्लिखित सभी विवरणों को अंतिम माना जाएगा और ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने के बाद कोई परिवर्तन/संशोधन की अनुमति नहीं दी जाएगी। अतः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र को अत्यंत सावधानी से भरें क्योंकि विवरण में परिवर्तन के संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जाएगा। आवेदन में गलत और अपूर्ण विवरण प्रस्तुत करने या आवेदन पत्र में आवश्यक विवरण प्रदान करने में चूक के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी परिणाम के लिए बैंक उत्तरदायी नहीं होगा।

5.3 दस्तावेजों को स्कैन तथा अपलोड करने के लिए दिशानिर्देश

ऑनलाइन आवेदन करने से पहले उम्मीदवार को नीचे दिए गए विनिर्देशों के अनुसार अपनी फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र की स्कैन की गई (डिजिटल) इमेज की आवश्यकता होगी। ।

i) फोटोग्राफ इमेज: (4.5 सेमी × 3.5 सेमी)

- फोटोग्राफ हाल ही की पासपोर्ट आकार की रंगीन फोटो होनी चाहिए।
- फ़ाइल प्रकार: jpg/jpeg
- सुनिश्चित करें कि फोटो रंगीन हो तथा हल्के रंग की, अधिमानतः सफेद, पृष्ठभूमि में ली गई हो।
- तनाव-मुक्त चेहरे के साथ सीधे कैमरे की ओर देखें।
- यदि तस्वीर धूप वाले दिन ली गई है, तो धूप की तरफ अपनी पीठ रखें, या छाया में रहें, ताकि आप झुके नहीं और कोई घनी छाया न हो।
- यदि आपको फ्लैश का उपयोग करना है, तो सुनिश्चित करें कि कोई "रेड-आई" न हो।
- यदि आप चश्मा पहनते हैं तो सुनिश्चित करें कि कोई प्रतिबिंब न हो और आपकी आंखें स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हो।
- टोपी, हैट और काला चश्मा स्वीकार्य नहीं है। धार्मिक हेडवियर की अनुमति है लेकिन यह आपके चेहरे को नहीं ढकना चाहिए।
- आकार 200 x 230 पिक्सेल (अपेक्षित)
- फ़ाइल का आकार 20 kb-50 kb के बीच होना चाहिए
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 50 kb से अधिक नहीं है। यदि फ़ाइल का आकार 50 kb से अधिक है, तो स्कैनर की सेटिंग्स जैसे कि DPI रिज़ॉल्यूशन, रंग आदि, स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान समायोजित करें।

ii) हस्ताक्षर:

- आवेदक को सफ़ेद कागज पर काली स्याही के पेन से हस्ताक्षर करने है।
- फ़ाइल प्रकार: jpg / jpeg
- आकार 140 x 60 पिक्सेल (अपेक्षित)
- फ़ाइल का आकार 10kb - 20kb के बीच होना चाहिए।
- सुनिश्चित करें कि स्कैन की गई इमेज का आकार 20kb से अधिक नहीं है

iii) बाएं हाथ के अंगूठे का निशान:

- आवेदक को अपने बाएं हाथ के अंगूठे का निशान एक सफेद कागज पर काली या नीली स्याही से लगाना होगा। बेहतर परिणामों के लिए काले प्रिंटर की स्याही/स्याही रहित पैड का उपयोग करने का अनुरोध किया जाता है।
- फ़ाइल प्रकार: jpg / jpeg
- आकार: 200 डीपीआई में 240 x 240 पिक्सल (अपेक्षित गुणवत्ता के लिए) अर्थात 3 सेमी * 3 सेमी (चौड़ाई * ऊंचाई)
- फ़ाइल का आकार: 20 kb - 50 kb

iv) आयु का प्रमाण:

- पैन कार्ड/ जन्म प्रमाण पत्र/ एसएसएलसी/ 10वीं के प्रमाण-पत्र को आयु के साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत किया जा सकता है।
- फाइल का प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

v) संपूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक:

- संपूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक (सेवानिवृत्त अधिकारियों के लिए) या सेवा प्रमाणपत्र (10.04.2024 पर या उससे पहले सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारियों के लिए)।
- फाइल का प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

vi) पेंशन भुगतान आदेश:

- सेवानिवृत्त अधिकारियों के संबंध में पेंशन भुगतान आदेश (पीपीओ)।
- फ़ाइल प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

vii) दिव्यांगता का प्रमाण पत्र:

- भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाण पत्र।
- फ़ाइल प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

viii) उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री:

- वर्षवार/सेमेस्टरवार/समेकित मार्कशीट और डिग्री प्रमाणपत्र।
- फ़ाइल प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

ix) सम्मान/ पुरस्कार प्रमाण पत्र:

- रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सभी सम्मान/पुरस्कारों के प्रमाण पत्र।
- फ़ाइल प्रकार: पीडीएफ
- फ़ाइल का आकार: 500KB से अधिक नहीं

नोट:

- हस्ताक्षर एवं बाएं हाथ के अंगूठे का निशान आवेदक के होने चाहिए न कि किसी अन्य व्यक्ति के।
- यदि परीक्षा के समय उपस्थिति पत्रक या कॉल लेटर पर आवेदक के हस्ताक्षर अपलोड किए गए हस्ताक्षर से मेल नहीं खाते हैं, तो आवेदक को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- हस्ताक्षर बड़े अक्षरों (CAPITAL LETTERS) में स्वीकार नहीं की जाएगी।
- सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र केवल निर्दिष्ट स्थानों पर अपलोड की गई है।

x) दस्तावेजों को स्कैन करने की प्रक्रिया:

- स्कैनर रिज़ॉल्यूशन को कम से कम 200 डीपीआई (डॉट्स प्रति इंच) पर सेट करें
- कलर को ट्रू कलर में सेट करें
- उपरोक्तानुसार फ़ाइल का आकार रखें
- स्कैनर में फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र की इमेज को किनारे तक क्रॉप करें, फिर इमेज को अंतिम आकार (जैसा कि ऊपर निर्दिष्ट किया गया है) में क्रॉप करने के लिए अपलोड एडिटर का उपयोग करें।
- ईमेज फ़ाइल jpg या jpeg फोर्मेट में होनी चाहिए। उदाहरण स्वरुप एक फ़ाइल नाम है: image01.jpg या image01.jpeg। फ़ोल्डर फ़ाइलों को सूचीबद्ध करके या फ़ाइल इमेज आइकन पर माउस ले जाकर इमेज की लम्बाई-चौडाई की जांच की जा सकती है।
- MS Windows/MSOffice का उपयोग करने वाले अभ्यर्थी MS Paint या MSOffice Picture Manager का उपयोग करके आसानी से .jpeg प्रारूप में दस्तावेज़ प्राप्त कर सकते हैं। फ़ाइल मेनू में 'Save As' विकल्प का उपयोग करके किसी भी प्रारूप में स्कैन किए गए दस्तावेज़ों को .jpg / .jpeg प्रारूप में सेव किया जा सकता है। क्रॉप और आकार बदलने के विकल्प का उपयोग करके आकार को समायोजित किया जा सकता है।
- दस्तावेज़ को स्कैन करते हुए, कृपया सुनिश्चित करें कि इसे पीडीएफ के रूप में सेव किया गया है और पीडीएफ का आकार 500KB से अधिक नहीं है। यदि फ़ाइल का आकार 500KB से अधिक है, तो स्कैनिंग की प्रक्रिया के दौरान स्कैनर की सेटिंग जैसे डीपीआई रिज़ॉल्यूशन, रंगों आदि को एडजस्ट करें। कृपया सुनिश्चित करें कि अपलोड किए गए दस्तावेज़ स्पष्ट और पढ़ने योग्य हों।

xi) दस्तावेज़ अपलोड करने की प्रक्रिया:

- ऑनलाइन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र को अपलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक प्रदान किए जाएंगे।
- आवश्यक स्कैन किए गए दस्तावेज़ अपलोड करने के लिए संबंधित लिंक पर क्लिक करें।
- उस स्थान को ब्राउज़ करें और चुनें जहां स्कैन की गई फ़ाइल सेव की गई है।
- फ़ाइल पर क्लिक करके सेलेक्ट करें
- 'ओपन/अपलोड करें' पर क्लिक करें
- यदि फ़ाइल का आकार और प्रारूप यथा निर्धारित अनुसार नहीं है, तो एक त्रुटि संदेश प्रदर्शित होगा।
- अपलोड की गई इमेज के पूर्वावलोकन से इमेज की गुणवत्ता देखने में मदद मिलेगी। अस्पष्ट/धुंधला होने की स्थिति में, इसे अपेक्षित स्पष्टता/गुणवत्ता के लिए पुनः अपलोड किया जा सकता है।

नोट:

- आपका ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि आप अपनी फोटो, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र को यथानिर्दिष्ट रूप में अपलोड नहीं करते हैं।
- यदि अपलोड किए गए दस्तावेज (पैरा 5.3 में यथा निर्दिष्ट) अस्पष्ट/धुंधलें है तो अभ्यर्थी का आवेदन अस्वीकृत किया जा सकता है।
- ऑनलाइन आवेदन पत्र में दस्तावेज अपलोड करने के बाद अभ्यर्थियों को यह जांचना चाहिए कि इमेज स्पष्ट हैं और सही ढंग से अपलोड किए गए हैं। यदि फोटोग्राफ, हस्ताक्षर, बाएं हाथ के अंगूठे का निशान, आयु का प्रमाण, पूर्ण सेवा/डिस्चार्ज बुक या सेवा का प्रमाण पत्र, पेंशन भुगतान आदेश, विकलांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो), उच्चतम शैक्षिक योग्यता मार्कशीट और डिग्री और रक्षा सेवा के दौरान प्राप्त सम्मान/पुरस्कार के प्रमाण पत्र स्पष्ट रूप से दिखाई नहीं दे रही है, तो अभ्यर्थी अपने आवेदन को एडिट कर सकता है और ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने से पहले अपने दस्तावेज़ पुनः अपलोड कर सकता है।
- अभ्यर्थी यह भी सुनिश्चित करें कि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर अपलोड किए गए हैं। यदि फोटो के स्थान पर फोटो और हस्ताक्षर के स्थान पर हस्ताक्षर ठीक से अपलोड नहीं किया जाता है, तो अभ्यर्थी को साक्षात्कार में सहभागिता की अनुमति नहीं दी जाएगी।
- अभ्यर्थी को अनिवार्य रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किया जाने वाला फोटो अपेक्षित आकार का है और चेहरा स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है।
- यदि फोटो के स्थान पर फोटो अपलोड नहीं किया जाता है, तो साक्षात्कार के लिए प्रवेश रद्द/अस्वीकृत कर दिया जाएगा। इसके लिए अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होंगे।
- अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अपलोड किए गए हस्ताक्षर स्पष्ट दिख रहे हैं।
- ऑनलाइन पंजीकरण के बाद अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने सिस्टम द्वारा जनरेट किए गए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट लें और भविष्य में संदर्भ के लिए इसकी एक सॉफ्ट कॉपी भी सुरक्षित रखें।

6. साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर

साक्षात्कार की तिथि की सूचना एवं केंद्र/स्थान का नाम, कॉल लेटर के माध्यम से, साक्षात्कार की तिथि से पूर्व उचित समय पर सूचित कर दिया जाएगा।

6.1 साक्षात्कार में भाग लेने के लिए कॉल लेटर प्राप्त करने की प्रक्रिया

सभी पात्र अभ्यर्थियों को बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in - (Recruitment/ Career सेक्शन के अंतर्गत) से साक्षात्कार के लिए अपना कॉल लेटर डाउनलोड करना होगा। सभी पदों के लिए साक्षात्कार कॉल लेटर डाउनलोड करने की आरंभिक तिथि बैंक की वेबसाइट पर अलग नोटिस के माध्यम से सूचित की जाएगी। अतः, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे साक्षात्कार कॉल लेटर डाउनलोड करने की आरंभिक तिथि के लिए बैंक की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें। अभ्यर्थी नोट करें कि कॉल लेटर किसी अन्य माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे।

7. आवेदन शुल्क

वरिष्ठ रक्षा बैंकिंग सलाहकार/रक्षा बैंकिंग सलाहकार के पद हेतु आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क **शून्य** है।

8. सामान्य निर्देश

i. आवेदकों को स्थान की वरीयता के साथ [केवल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सेना) के द्वारा भरा जाना] केवल एक आवेदन प्रस्तुत करने की आवश्यकता है जैसाकि पैरा 2 में उल्लिखित है (पात्रता मानदंडों की पूर्ति के अधीन)। हालांकि, बैंक के पास किसी भी चिह्नित स्थान पर पैनल में शामिल कार्यपालक को नियुक्त करने का अधिकार है।

ii. पद के लिए आवेदन करते समय, आवेदक को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वह निर्दिष्ट तिथि पर ऊपर उल्लिखित पात्रता और अन्य मानदंडों को पूरा करता है और उसके द्वारा प्रस्तुत विवरण सभी प्रकार से सही हैं।

iii. पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन जमा करने या पैनल में शामिल करने के लिए नाम के अनुमोदन मात्र से बैंक से सलाहकार को किसी भी प्रकार के कार्य के आवंटन की गारंटी नहीं हो जाती है। रक्षा सलाहकारों को पीएनबी के प्रधान कार्यालय/ अंचल कार्यालयों/ मंडल कार्यालयों में तैनाती का आवंटन बैंक का विशेषाधिकार है।

iv. यदि अभ्यर्थी उस पद के लिए अयोग्य पाया जाता है, जिसके लिए उसने आवेदन किया है, तो बैंक नियुक्ति प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी भी आवेदन को अस्वीकार करने के लिए स्वतंत्र होगा। अभ्यर्थियों की पात्रता, जिस स्तर पर पात्रता की जांच की जानी है, उस स्तर पर योग्यता और अन्य पात्रता मानदंड हेतु प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेज आदि तथा नियुक्ति से संबंधित किसी भी अन्य मामले के संबंध में अभ्यर्थी पर बैंक का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस संबंध में बैंक द्वारा किसी भी पत्राचार या व्यक्तिगत पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा। यदि भर्ती के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि कोई अभ्यर्थी पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता है और/या उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या किसी महत्वपूर्ण तथ्य (तथ्यों) को छुपाया है, तो उसकी उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी। यदि नियुक्ति के बाद भी इनमें से कोई भी कमी पाई जाती है, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं।

v. एक हालिया, पहचान योग्य रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो, जो ऑन-लाइन आवेदन पत्र में अपलोड किए गए जैसा ही होना चाहिए, साक्षात्कार के लिए कॉल लेटर पर उचित प्रकार से चिपकाया जाना चाहिए और उम्मीदवार द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित होना चाहिए। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी होने तक अपना स्वरुप न बदलें। साक्षात्कार के समय वही तस्वीर प्रस्तुत न करने पर अपात्रता हो सकती है। एक उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसके द्वारा सभी स्थानों पर अर्थात उसके कॉल लेटर, अटेंडेंस शीट आदि में हस्ताक्षर किए गए हैं और भविष्य में बैंक के साथ सभी पत्राचार में वे एक समान होना चाहिए और किसी भी प्रकार का कोई बदलाव नहीं होना चाहिए।

vi. यह केवल एक विशिष्ट अवधि के लिए एक संविदात्मक कार्य है और पैनल में शामिल अधिकारी जिन्हें यह कार्य सौंपा गया है, वे भविष्य में बैंक से किसी भी नियमित रोजगार या किसी अन्य लाभ का दावा करने के हकदार नहीं होंगे।

vii. विज्ञापन से उत्पन्न होने वाले दावे या विवाद के किसी भी मामले के संबंध में कोई विधिक कार्यवाही और/या उसके प्रत्युत्तर में किसी आवेदन को केवल दिल्ली में प्रस्तुत किया जा सकता है तथा केवल दिल्ली की अदालतों/न्यायाधिकरणों/फोरम के पास किसी भी मामले/ विवाद की सुनवाई करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार होगा।

viii. सलाहकार वचनबद्ध होगा कि वह कार्य को किसी अन्य को नहीं (सब-कॉन्ट्रैक्ट/ सब-असाइन नहीं करेगा/करेगी) सौंपेगा।

ix. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अपडेट (शॉर्टलिस्ट/ योग्य अभ्यर्थियों की सूची सहित) के लिए बैंक की वेबसाइट www.pnbindia.in देखें। कॉल लैटर/सलाह, जहाँ भी आवश्यक हो, केवल ई-मेल द्वारा भेजा जाएगा (कोई हार्ड कॉपी नहीं भेजी जाएगी)।

x. अभ्यर्थियों के लिए बैंक की वेबसाइट पर प्रदर्शित या पंजीकृत/स्पीड पोस्ट द्वारा भेजा गया या बैंक के साथ पंजीकरण के समय आवेदन में उल्लिखित ई-मेल आईडी पर भेजा गया कोई भी नोटिस/संचार, सभी उद्देश्यों के लिए उम्मीदवार के लिए सूचना की पर्याप्त सेवा माना जाएगा।

xi. बैंक को अपने विवेक से किसी भी स्तर पर विज्ञापन को रद्द करने तथा समस्त चयन प्रक्रिया को रद्द करने का अधिकार है।

xii. यदि अंग्रेजी के अलावा किसी अन्य संस्करण की व्याख्या के कारण कोई विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा।

पूछताछ हेतु : कृपया recruitmentho@pnb.co.in पर मेल करें।

दिनांक: 11.01.2024 **महाप्रबंधक (एचआरडी)**